<u>समाचार</u>

# शहर की निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें—महापौर

## (महापौर ने ली विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की बैठक)



कोरबा 15 जून 2020 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, विद्युत आपूर्ति में अवरोध के परिणाम स्वरूप शहर की जलापूर्ति भी प्रभावित होती है तथा आमनागरिकों को बिजली और पानी दोनों की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अतः इस दिशा में समस्त आवश्यक कदम उठाएं, ताकि आमलोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता पी.बी.संजीव, कार्यपालन अभियंता राजेश ठाकुर, निगम के कार्यपालन अभियंता विद्युत भूषण उरांव तथा सहायक अभियंता राकेश मसीह उपस्थित थे। बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि यह देखने में आता है कि थोड़ी बहुत हवा पानी आने पर भी शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे शहरवासियों को परेशानी होती है, वहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने से निगम का जल प्रदाय कार्य भी प्रभावित होता है तथा वार्डो, बस्तियों में पेयजल की आपूर्ति न होने से लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है, अतः इस दिशा में ठोस कार्यवाही करें। जल उपचार संयंत्र हेतु ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वहां चौबीस घंटों निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जिस पर अधीक्षण अभियंता श्री पी.बी.संजीव ने बताया कि 33 के.व्ही. का डबल फीडर जल उपचार संयंत्र के लिए स्थापित किया जाएगा, जिससे संयंत्र की बिजली की समस्या पैदा नहीं होगी एवं जलापूर्ति का कार्य निर्वाध हो सकेगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने पेड़ आदि गिरने के कारण होने वाले विद्युत आपूर्ति व्यवधान को दूर करने के लिए अधिकारियों को सुझाव दिया कि जिन विद्युत लाईनों पर पेड़ों के गिरने की संभावनाएं बनती है, उस लाईन के विद्युत खंभों की ऊंचाई बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार कर उसे क्रियान्वित कराएं ताकि शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था निर्वाध हो सके। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि शहर की विद्युत व्यवस्था में भी डबल फीडर का कार्य हो, ताकि विद्युत आपूर्ति बराबर बनी रहे। अधीक्षण अभियंता श्री संजीव ने बताया कि इस हेतु पांच नये सबस्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है तथा निकट भविष्य में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाएगी कि शहर की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से निर्वाध रहे।

**<u>विद्युतीकरण डिमांड पर शीघ्र कार्यवाही कराएं</u>**– महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि निगम द्वारा अपने क्षेत्र की विद्युतविहीन बस्तियों, मोहल्लों में बिजली सुविधा देने व स्ट्रीट लाईट संबंधी कार्यो के साथ–साथ अन्य विद्युत संबंधी कार्यो की डिमांड सी.एस.ई.बी को भेजे जाते हैं, किन्तु इन पर समय पर कार्यवाही न किए जाने व डिमांड लंबित रखे जाने के परिणाम स्वरूप विद्युतीकरण कार्यो में अनावश्यक देरी होती है तथा विद्युतविहीन बस्तियों के नागरिकों को बिजली जैसी आवश्यक सुविधा मिलने में अनावश्यक देरी होती है, अतः निगम द्वारा भेजे गए डिमांड पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराएं ताकि समय पर विद्युतीकरण का कार्य सम्पन्न हो सके।

**<u>विद्युत खंभों की शिफ्टिंग का कार्य त्वरित रूप से करें</u>**– महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि सी.एस.ई.बी.चौक से ध्यानचंद चौक तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के कार्य के अंतर्गत विद्युत खंभों की शिफ्टिंग का कार्य कराया जाना हैं, इस हेतु निगम द्वारा विभाग से आग्रह किया जा चुका है, किन्तु शिफ्टिंग कार्यो में अनावश्यक देरी हो रही है, परिणाम स्वरूप फोरलेन सड़क के निर्माण की गति अवरूद्ध हो रही है। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार विद्युत खंभों की शिफ्टिंग संबंधी कार्यो को प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से संपादित कराएं, ताकि फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा हो सके तथा इसका लाभ आमजनता को प्राप्त हो सके।